# शासकीय तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर (म.प्र.)



# राष्ट्रीय सेवा योजना

(नाहं वै भवान)

## वार्षिक प्रतिवेदन

## सत्र : 2019- 20


ज्ञान प्रकाश पाण्डेय
कार्यक्रम अधिकारी
(पुरुष इकाई)

प्रो. संगीता बासरानी
कार्यक्रम अधिकारी
(महिला इकाई)

डॉ परमानंद तिवारी
प्राचार्य/ जिला संगठक
शा. तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर

# प्रतिवेदन

सत्र 2019 – 20 में राष्ट्रीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित की गईं विभिन्न गतिविधियों का विवरण माहवार जनवरी 2020 से प्रस्तुत है | विस्तृत प्रतिवेदन निम्नानुसार है –

## जनवरी 2020

**राज्यस्तरीय नेत्तृत्व प्रशिक्षण शिविर में सहभागिता –**

मध्यप्रदेश राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा झोंतेश्वर, गोटेगांव, जिला – नरसिंहपुर में दिनांक 03 जनवरी से 09 जनवरी 2020 के मध्य आयोजित राज्यस्तरीय नेत्तृत्व प्रशिक्षण शिविर में सहभागिता हेतु 02 जनवरी 2020 को अनूपपुर जिले से तीन छात्र एवं दो छात्राओं का दल कार्यक्रम अधिकारी ज्ञान प्रकाश पाण्डेय के साथ रवाना हुआ |




राज्यस्तरीय शिविर में सहभागिता करने जा रहे दल को रवाना करते प्राचार्य एवं अन्य प्राध्यापक



शिविरार्थियों की ग्रुप फोटो



राज्यस्तरीय शिविर के प्रथम सत्र का दृश्य




राज्यस्तरीय नेतृत्त्व प्रशिक्षण शिविर के बौद्धिक सत्र का दृश्य

## राष्ट्रीय युवा दिवस

12 जनवरी 2020 को स्वामी विवेकानंद की जयंती "राष्ट्रीय युवा दिवस" के अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन प्राचार्य डॉ परमानंद तिवारी के मार्गदर्शन एवं डॉ विक्रम सिंह बघेल, प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय बिजुरी की उपस्थिति में किया गया | कार्यक्रम में महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ एवं अशैक्षणिक स्टाफ के साथ छात्र/ छात्राएँ उपस्थित रहे | रासेयो कार्यक्रम अधिकारी ज्ञान प्रकाश पाण्डेय ने सभी को सूर्य नमस्कार आसन का अभ्यास कराया |



युवा दिवस के अवसर प्र सूर्य नमस्कार के पूर्व प्राचार्य महोदय के साथ अन्य प्राध्यापकगण

**सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन –**

महाविद्यालय की रासेयो इकाई द्वारा ग्राम खोलीटोला ग्राम - परसवार जनपद पंचायत जैतहरी, जिला अनूपपुर में दिनांक 22 जनवरी 2020 से 28 जनवरी 2020 के मध्य विशेष शिविर का आयोजन किया गया | इसका उद्घाटन अपर जिला न्यायधीश श्री भू भास्कर यादव ने किया | शिविर का प्रतिवेदन पृथक से प्रस्तुत किया गया है अतः यहाँ शिविर का वर्णन संक्षेप में किया गया है |




शिविर के उद्घाटन सत्र में उपस्थित अपर जिला न्यायधीश श्री भू भास्कर यादव, प्राचार्य डॉ परमानंद तिवारी, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ जे के संत एवं कार्यक्रम अधिकारी (महिला इकाई) प्रो संगीता बासरानी






शिविर के बौद्धिक सत्र में उपस्थित लायंस क्लब अनूपपुर के सदस्य एवं महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्राध्यापकगण




शासकीय विद्यालय के बच्चों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाते शिविरार्थी



# गांव-गांव पहुंचकर देंगे स्वस्थ रहने के टिप्स

## न्यायाधीश ने विधिक सेवा संबंधी दी जानकारी

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**अनूपपुर.** शासकीय तुलसी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा छात्रों के लिए विशेष शिविर का आयोजन 22 जनवरी को आयोजित किया गया। साप्ताहिक रूप में आयोजित यह कार्यक्रम 28 जनवरी तक ग्राम परसवार में किया जाएगा। इस शिविर में 50 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया, जो 7 दिनों तक गांव तथा आसपास के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सम्बंधित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। बुधवार को अयोजित शिविर के शुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर सत्र न्यायाधीश भू-भास्कर यादव विशिष्ट अतिथि जितेंद्र मोहन धुर्वे जिला विधिक सहायक अधिकारी रहे। अपर सत्र न्यायाधीश ने शिविर में आए छात्रों और ग्रामीणों को विधिक सेवा सम्बन्धी जानकारी दी। साथ ही आगामी 8 फरवरी को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की जानकारी दी। इस मौके पर ज्ञान प्रकाश पांडेय, डॉ. जेके सन्त, डॉ. मुकेश मिश्र, शाहबाज खान, प्रीती बैस, पूनम पांडेय, तरन्नूम सरबत सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र मौजूद रहे।

*शिविर को सम्बोंधित करते प्राचार्य डॉ. परमानंद तिवारी व मौजूद अन्य*

...ता पखवाड़ा शुरू

शिविर के उद्धाटन का मीडिया कवरेज

# फरवरी – 2020

**नशामुक्ति जागरूकता अभियान –**

10 फरवरी 2020 को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ परमानंद तिवारी के मार्गदर्शन में नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया |



**रासेयो की इकाई ने चलाया नशामुक्ति जागरूकता अभियान**

**शहडोल** । शासकीय तुलसी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई ने नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया जिसके तहत विद्यार्थियों को जागरूक किया गया और उनको नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। इस मौके पर हरिद्वार के शांतिकुंज से आए विचार क्रांति रथ के कार्यकर्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए नशे से दूर रहने का संदेश दिया। प्राचार्य परमानंद तिवारी ने कहा कि नशा नाश की जड़ है इससे दूर रहना होगा। उनका कहना था कि युवा ही देश का भविष्य है और इस देश के भविष्य को बचाने की जरूरत है। इस मौके पर एनएसएस के सत्येंद्र सिंह चौहान भी मौजूद रहे। ■ **नईदुनिया**

**मौलिक कर्त्तव्य एवं अधिकार जागरूकता रैली –**

25 फरवरी 2020 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं महाविद्यालय की रासेयो इकाई द्वारा मौलिक कर्त्तव्य एवं अधिकार के प्रति आमजनमानस में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए एक रैली आयोजित की गई जिसमें बड़ी संख्या में छात्र/ छात्राओं ने सहभागिता किया | इस रैली को अपर जिला न्यायधीश श्री भू भास्कर यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया |




**रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते माननीय न्यायधीश महोदय**



मौलिक कर्त्तव्य एवं अधिकार जागरूकता रैली  का दृश्य

# मार्च – 2020

**ऐच्छिक रक्तदान एवं निःशुल्क दन्त परीक्षण शिविर –**

महाविद्यालय की रासेयो इकाई के तत्वाधान में दिनांक 05 मार्च 2020 को प्राचार्य डॉ परमानंद तिवारी के मार्गदर्शन में ऐच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया एवं साथ ही निःशुल्क दन्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया | महाविद्यालय के नवनियुक्त सहायक प्राध्यापक प्रो. प्रीति वैश्य, प्रो पूनम धांडे, प्रो अजयराज सिंह राठौर (एन सी सी अधिकारी), प्रो. विनोद कुमार कोल, डॉ मुकेश कुमार मिश्र (क्रीडाधिकारी), ज्ञान प्रकाश पाण्डेय (कार्यक्रम अधिकारी) एवं छात्र/ छात्राओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया | रक्तदान जिला अस्पताल, अनूपपुर के ब्लड बैंक अधिकारी एवं उनके दल की उपस्थिति में कराया गया | जबकि दन्त परीक्षण शिविर हेतु डॉ झलक शाह ( राजनयन मल्टीस्पेशियाल्टी डेंटल क्लिनिक शहडोल) से उपस्थित रहीं |




दन्त परीक्षण कराते डॉ सलीम मंसूरी एवं डॉ मुकेश कुमार मिश्रा







रक्तदान करते हुए क्रीडाधिकारी डॉ मुकेश कुमार मिश्र एवं एन सी सी अधिकारी प्रो. अजयराज सिंह राठौर







# तुलसी महाविद्यालय में रक्तदान एवं दन्त चिकित्सा परीक्षण शिविर का आयोजन

गुड मॉर्निंग, अनूपपुर

शासकीय तुलसी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तत्वावधान में दिनांक 5/03/2020 को जिला चिकित्सालय अनूपपुर के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओ ने बढ़ चढ़ कर रक्तदान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ परमानंद तिवारी ने सभी को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया एवं इसके लाभों से भी परिचित कराया। इसके साथ साथ महाविद्यालय में राजनयन मल्टीस्पेसियलिटी डेंटल क्लीनिक शहडोल से डॉ. झलक शाह द्वारा निःशुल्क दन्त चिकित्सा परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया । इस शिविर में भी महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। डॉ शाह ने सभी के दन्त परिक्षण कर उसके लिए उचित समाधान एवं सुझाव भी बताये।

रक्तदान शिविर की मीडिया कवरेज

**कोविड – 19 जागरूकता अभियान –**

भारत एवं पूरे विश्व में कोरोना महामारी का प्रकोप मार्च 2020 से प्रारम्भ हो गया | यह एक संक्रामक एवं अत्यंत गंभीर एवं नए प्रकार की बीमारी होने के कारण 24 मार्च 2020 पूरे देश में लॉकडाउन लगाना पड़ा | किन्तु इस कठिन परिस्थिति में भी महाविद्यालय के रासेयो वालंटियर्स प्राचार्य डॉ परमानंद तिवारी के मार्गदर्शन में कोविड सम्बन्धी सभी आवश्यक सावधानियों का पालन करते हुए आमजनमानस को निरंतर जागरूक करते रहे |








पोस्टर एवं वाल पेंटिंग के माध्यम से जनजागरण कार्यक्रम करते रासेयो वालंटियर्स






महाविद्यालय के छात्र/ छात्राएँ अपने रचनात्मक ढंग से कोरोना के प्रति सतर्क एवं जागरूक रहने का सन्देश देते हुए





कोरोना महामारी से सुरक्षित रहने , आवश्यक सावधानियां बरतने एवं प्रशासन द्वारा समय- समय पर जारी दिशानिर्देशों का पालन करने हेतु पोस्टर के माध्यम से आमजन को अपने सहयोगियों के साथ जागरूक करने का प्रयास करते हुए प्राचार्य डॉ परमानंद तिवारी


IF
YOU
WANT,O
AVOID
CORONA
TO
Ghar
PAR
HI
कोरोना बुलाती है मगर जाने का नहीं यह
कोरोना है मेरे दोस्त पास आने का नहीं
Govt. Tulsi degree College Anuppur apsu Rewa(m.p)
NSS volunteer


WANT,O


LOCKDOWN


को → कोई भी
रो → रोड पर
ना → ना निकले
को → कोई भी
रो → रोने वाला
ना → नहीं रहेगा